समाचार

# वार्ड क्र. 54 एवं 14 में महापौर ने किया राशन सामग्री किट का वितरण



कोरबा 08 अप्रैल 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला नगर में 09 हितग्राहियों को तथा वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में 21 ऐसे हितग्राहियों को जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, राशन सामग्री भी नहीं है तथा राशन के लिए पैसे भी नहीं है, उन्हें राशन सामग्री किट का वितरण किया। उन्होने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया कि वे चिंता न करें, उनके हर सुख–दुख में हम साथ में है, उन्होने अपील की कि वे सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण हेतु देश में लागू किए गए लाकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों को भोजन, खाद्यान्न की कमी न हों, उन्हें भूखा न रहना पड़े, इसके लिए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वयं के साथ–साथ विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक संगठनों व दानदाताओं के सहयोग से जरूरतमंदों को राशन किट का वितरण व बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र के अन्य वार्डो के साथ–साथ आज वार्ड क्र. 54 एवं वार्ड क्र. 14 में भी राशन सामग्री किट का वितरण किया गया, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने स्वयं वहां पहुंचकर जरूरतमंदों को राशन सामग्री किट प्रदान की। इस अवसर पर वार्ड क्र. 14 में पूर्व एम.आई.सी.सदस्य रामगोपाल यादव व मनकराम साहू, एस.मूर्ति, चन्द्रशेखर पाण्डेय, मंदाकिनी चन्द्रा, सरफुन्निशा के साथ ही वार्ड क्र. 54 सर्वमंगला नगर में ममता अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, एम.डी. कादिर, अश्वनी पटेल, भरत यादव, राजाराम क्षत्री, हसन खान, शिव पटेल, कुलदीप चन्द्रा, अमित शर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

<u>सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें, लाकडाउन का पालन करें</u>– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व उसके नियंत्रण हेतु सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें तथा लागू किए गए लाकडाउन का पूर्ण रूप से पालन करें। उन्होने कहा कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही लाकडाउन से छूट की अवधि में घर से बाहर जाएं अन्यथा घर पर ही सुरक्षित रूप से रहे, समय–समय पर साबुन से हाथ धोएं, उन्होने नागरिकों को आश्वस्त किया कि वे चिंता न करें, उनके हर सुख–दुख में नगर निगम कोरबा एवं जिला प्रशासन उनके साथ में है।

<u>आज 1765 लोगों को राशन सामग्री किट, 3740 को बना हुआ भोजन</u>– आज 3740 व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, वहीं 1765 व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री के किट का वितरण किया गया। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज,

छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला मण्डल, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा द्वारा 3740 पैकेट बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया।